अनुभाग 5

विचारार्थ विषय

भाग I

कार्य का उद्देश्य और कार्यक्षेत्र

1. पृष्ठभूमि
2. कार्य का उद्देश्य/लक्ष्य
3. कार्य/नियुक्ति का विस्तृत कार्यक्षेत्र
4. प्रदेयताएं, प्रदेयताओं के चरण, प्रत्येक प्रदेयताओं की विषयवस्तु

सिटी सेनिटेशन रेटिंग एजेंसी की नियुक्ति के लिए विचारार्थ विषय

पृष्ठभूमि

भारत सरकार सभी भारतीय शहरों और कस्बों को स्वास्थ्यप्रद और रहने योग्य बनाने तथा अपने नागरिकों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति की घोषणा की है। इस नीति में यह समर्थन किया गया है कि सभी शहर खुले में शौच करने से मुक्त होंगें, सभी मानवीय अपशिष्टों तथा द्रव अपशिष्टों को एकत्र किया जाएगा तथा स्वच्छता संबंधी सुविधाओं के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए सुरक्षित समाशोधित और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होंगे।

चूंकि स्वच्छता राज्य का विषय है अत: राज्य को ऐसी राज्य स्वच्छता कार्यनीति तैयार करनी पड़ेगी जो राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अपने विजन को स्पष्ट करें। स्वच्छता हेतु उत्तरदायी शहरों को शहर की स्वच्छता योजना, कार्यान्वयन और अवसंरचनात्मक सुविधाएं अनुरक्षित करनी होंगी।

कार्य का उद्देश्य/लक्ष्य

शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र में उत्कृष्ट निष्पादन का पता लगाने के लिए भारत सरकार की मंशा शहरों के लिए वार्षिक पुरस्कार योजना शुरू करने की है। यह पुरस्कार इस आधार पर आधारित है कि उन्नत जन स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी मानक ऐसे दो निष्कर्ष हैं जिन्हें शहरों को शहरी नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु पता लगाना चाहिए। प्रस्तावित पुरस्कार न केवल शहरी स्वच्छता पर हुए व्यय अथवा हार्डवेयर का मूल्यांकन है अपितु इस बात का भी द्योतक है कि यह सतत् आधार पर शहर के अपशिष्ट पदार्थों का शत-प्रतिशत सुरक्षित निपटान करने के शत-प्रतिशत सफलता हासिल करने में कैसे सहायक सिद्ध हुआ है।

शहरों को शहरी स्वच्छता के उन्नयन हेतु प्रोत्साहन देने की एक भूमिका के रूप में शहरी विकास मंत्रालय का प्रस्ताव राष्ट्रीय रूप से श्रेणी 1 के शहरों की श्रेणी निर्धारित करने तथा इसके परिणामों को प्रकाशित करने का है। ऐसी आशा है कि इस श्रेणीकरण से शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना बढेगी और स्वच्छता में उन्नयन हेतु एक ट्रिगर की भांति कार्य करेगा।

इस समनुदेशन का प्रयोजन निम्नलिखित है :

1. शहरी विकास मंत्रालय द्वारा तैयार कार्य पद्धति के आधार पर सूचकों का मूल्यांकन करने हेतु फील्ड मूल्यांकन पैम्फलेट/प्रपत्र तैयार करना।
2. श्रेणी-1 के सभी शहरों में डाटा-संग्रहण सर्वेक्षण आयोजित करना।

3. सूचकों के सेट तैयार करने के लिए स्कोर के आधार पर शहरों की श्रेणी निर्धारित करना और विश्लेषण करना।
4. प्रक्रिया, दृष्टिकोण, डाटा विश्लेषण तथा सिफारिशों की रूप रेखा बनाकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना।
5. सर्वेक्षण, डाटा विश्लेषण और निष्कर्ष का प्रस्तुतीकरण।

कार्य/नियुक्ति का विस्तृत कार्यक्षेत्र

शहरी विकास मंत्रालय ने आउटपुट, प्रक्रिया और परिणामी सूचकों की पहचान की है जिनका इस्तेमाल शहर में मौजूदा स्वास्थ्यकर स्थितियों के मूल्यांकन में किया जाएगा। सूचकों की प्रस्तावित सूची खुले में शौच करने की प्रथा, स्वच्छता की उपलब्धता (व्यक्तिगत, सामुदायिक और सार्वजनिक), ठोस और तरल अपशिष्ट के संग्रहण, शोधन और निपटान, स्वच्छता संबंधी अवसंरचना के उचित रख-रखाव व अनुरक्षण, स्पष्ट सांस्थानिक भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्वों और स्वास्थ्य तथा पर्यावरण में उन्नयन (सीएफ अनुलग्नक 1) से संबंधित है। वैकल्पित: मोटे तौर पर इन्हें आउटपुट, प्रक्रिया और परिणाम से संबद्ध सूचकों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। कुल 19 सूचकों का ब्यौरा तैयार किया गया है जिसमें से नौ (9) आउटपुट संबंधी, सात (7) प्रक्रिया संबंधी तथा तीन (3) परिणाम संबंधी है।

शहरी विकास मंत्रालय ने शहरों से परामर्श करके सूचकों के लिए प्रस्तावित भारिता (वेटेज) स्कोर को अंतिम रूप भी दिया है।

फर्स्ट राउंड की रेटिंग के लिए एक मानकीकृत कार्यविधि तैयार की गई है जिसका इस्तेमाल शहरों की रेटिंग (श्रेणी निर्धारण) के लिए सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। यह कार्यविधि अनुलग्नक-2 में संलग्न है। बोलीदाता सर्वेक्षण एजेंसियों को विकासित मानक कार्यविधि अंगीकार करने तथा तैयार करने होंगें।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए शहरी विकास मंत्रालय श्रेणी-1 के शहरों की मौजूदा शहरी स्वच्छता तथा समय के साथ-साथ उनके उन्नयन के संबंध में सर्वेक्षण, मूल्यांकन तथा श्रेणी निर्धारित करने हेतु चयन की गई फर्मों से तकनीकी और वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित करता है। शहरी विकास मंत्रालय की योजना सभी 5,161 शहरी केंद्रों को कवर करने के लिए इसकी रेटिंग की धीरे-धीरे विस्तार करने की योजना है। शहरी विकास मंत्रालय की योजना सर्वेक्षण के परिणामों को प्रकाशित करने की है और ऐसी आशा है कि रेटिंग से न केवल शहरों को स्वच्छता हेतु अधिकाधिक प्राथमिकता देने में बढावा मिलेगा अपितु इसका इस्तेमाल शहरों द्वारा अपनी स्चव्छता संबंधी स्थिति में सुधार लाने के लिए योजना बनाने और ठोस कार्रवाई कार्यान्वित करने के लिए भी किया जाएगा।

पैकेजों का समूहीकरण तथा संख्या

यह प्रस्तावित है कि शहरों को पांच पैकेजों में वगीकृत किया जाएगा। पांच पैकेजों के अंतर्गत शहरों का सूचीबद्ध करने का ब्यौरा अनुलग्नक-3 में दिया गया है। फर्मों को अधिकतम दो पैकेजों की बोली की अनुमति दी जाएगी।

प्रदेयताओं का आउटपुट और अनुसूची

एजेंसी के आउटपुट में निम्नलिखित शामिल होगा :

1. अध्ययन के प्रयुक्त किए जाने हेतु एक विस्तृत जांच-सूची, प्रश्नावली और सर्वेक्षण संबंधी अन्य उपकरण।
2. डाटा संग्रहण के लिए कार्यविधि (प्रारूप स्प्रेडशीट और पैम्फलेट्स) तथा विस्तृत कार्य (डाटा संग्रहण, फील्ड विजिट, विश्लेषण, प्रारूप और अंतिम रिपोर्ट)-चालू होने के दो सप्ताहों के भीतर
3. फील्ड दौरे, डाटा संग्रहण और परिणामों का तालिकाबद्धकरण - चालू होने के तीन माह में
4. विस्तृत सूचक-वार समेकित स्कोर के साथ-साथ शहरों की रैंकिंग (पैकेज में) सर्वेक्षण,
5. विश्लेषण और सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट - चालू होने के पांचवें माह से।
6. सर्वेक्षण, विश्लेषण और निष्कर्ष की विस्तृत प्रस्तुति

अनुलग्नक 1

तालिका (क-1): शहरों में स्वच्छता के लिए निर्देशक वस्तुनिष्ठ रेटिंग चार्ट (प्रारूप)		
संख्या	**सूचक**	**बिन्दु***
1	**आउटपुट संबंधी**	**50**
क.	खुले में शौच नहीं करना - उप-योग	**16**
i.	शहरी गरीबों और अन्य अल्पसेवित घरों (मलिन बस्तियों सहित) की शौचालय तक पहुंच और इस्तेमाल - व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता सुविधा केन्द्र	**4**
ii.	फ्लोटिंग और सांस्थानिक जनसंख्या की शौचालय तक पहुंच और इस्तेमाल- पर्याप्त जन स्वच्छता सुविधा केन्द्र	**4**
iii.	खुले में शौच दृष्टिगोचर नहीं	**4**
iv.	सिर पर मैला ढोने की प्रथा खत्म करना और सफाई कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपस्कर प्रदान करना	**4**
ख.	सुरक्षित संग्रहित किया जाने वाला कुल मानव मल उत्पादन का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 6 बिन्दु)	**6**
ग.	शोधित और सुरक्षित निपटान किया गया कुल अपशिष्ट जल	**6**

तालिका (क-1): शहरों में स्वच्छता के लिए निर्देशक वस्तुनिष्ठ रेटिंग चार्ट (प्रारूप)		
संख्या	**सूचक**	**बिन्दु***
	उत्पादन का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 6 बिन्दु)	
घ.	शोधित और सुरक्षित निपटान किया गया गंदा अपशिष्ट जल उत्पादन का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 3 बिन्दु)	3
ङ.	गैर-पीने योग्य हेतु रिसाइक्लिंग और पुन: प्रयुक्त शोधित अपशिष्ट जल का अनुपात	3
च.	प्रभावी रूप से और सुरक्षित रूप से शोधित कुल स्टार्च जल और जल निकासी का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 3 बिन्दु)	3
छ.	नियमित रूप से संग्रहित कुल ठोस अपशिष्ट उत्पाद का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 4 बिन्दु)	4
ज.	शोधित और सुरक्षित निपटान का कुल ठोस अपशिष्ट उत्पाद का अनुपात (100 प्रतिशत के लिए 4 बिन्दु)	4
झ.	शहर का पानी शहर की सीमाओं के बाहर किसी भी क्षेत्र पर और इसके आस-पास कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता है (100 प्रतिशत के लिए 5 बिन्दु)	5
2.	**प्रक्रिया - संबंधी****	30
क.	खुले में शौच के दृष्टांतों का पता लगाने के लिए एम एंड ई प्रणाली विद्यमान है	4
ख.	शहर में सभी सीवरेज प्रणाली सही ढंग से काम कर रहे हैं और एक्स-फिल्ट्रेशेन वहीं है। (सीवरेज प्रणाली रहित शहरों पर लागू नहीं)	5
ग.	शहर में ऑन-साइट प्रणाली से सेप्टेज/स्लज को नियमित रूप से साफ किया जाता है, सुरक्षित रूप से ढोया जाता है तथा शोधन के उपरांत निपटान किया जाता है (सीवरेज प्रणाली रहित शहरों के लिए अधिकतम 10 अंक)	
घ.	भूमिगत और सतही ड्रेनेज प्रणाली कार्यरत है और भली-भांति अनुरक्षित है।	5
ङ.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (संग्रहण और उपचार) प्रणाली प्रभावोत्पादक है (और ये एसडब्ल्यू नियम, 2000 के अनुकूल हैं)	4
च.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (संग्रहण और शोधन) प्रणालियां प्रभावी हैं (और ये एमएसडब्ल्यू नियम, 2000 के अनुरूप हैं)	5
छ.	स्पष्ट तौर पर संस्थागत जिम्मेदारी सौंपी गयी है; और ये	4

तालिका (क-1): शहरों में स्वच्छता के लिए निर्देशक वस्तुनिष्ठ रेटिंग चार्ट (प्रारूप)		
संख्या	**सूचक**	**बिन्दु***
	उपर्युक्तु ख), (ग) से (ड.) हेतु अभ्यास में प्रलेखित प्रचालन प्रणालियां हैं	
	प्रदूषकों और संस्थानों की ओर से विचलन संबंधी स्वीकृतियां स्पष्टतापूर्वक निर्धारित हैं और व्यवहार में इनका अनुसरण होता है।	3
3.	**परिणामी संबंधी**	20
क.	आधार रेखा की तुलना में शहर में पेयजल की गुणवत्ता	
ख.	आधार रेखा की तुलना में शहर में पेय जल की गुणवत्ता	
ग.	आधार रेखा की तुलना में जल-जनित रोग घटना में कमी	

* उपर्युक्त सूचकों के लिए चिह्नों को हर दो से तीन वर्षों में संशोधित किया जाएगा। इसी दौरान और ज्यादा कड़ी स्थितियों उदाहरणार्थ मूत्र नहीं करना, अथवा सड़क/सार्वजनिक स्थानों पर थूकना इत्यादि के बारे में सूचकों को सूचक के रूप में शुरू किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी और विशेष सूचक को दिये गए मान को भी संशोधित किया जाएगा।

** इस संदर्भ में बड़े शहर ऐसी अच्छी प्रथा वाली प्रणालियां स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं जो आईएमओ (अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन) और/अथवा बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) की प्रक्रिया प्रणालियों के अनुरूप हों।

अनुलग्नक 2 - कार्यविधि

शहरों की स्वच्छता संबंधी रेटिंग की विस्तृत कार्यविधि

शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रस्ताव कमीशन एजेंसियों को चयन की गई प्रतिस्पर्धात्मक बोली के आधार पर नियुक्त किया जाए ताकि भारत के श्रेणी-1 के 436 शहरों के लिए स्वच्छता संबंधी रेटिंग कवायद पूरी की जा सके। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बोलीदाता मानक आउटपुट प्रदान करने के लिए बोली लगाएं और तुलना के लिए ये सभी शहरों में एक-समान रूप से प्रशासित हों, यह आवश्यक है कि एक ऐसी कार्यविधि निर्धारित की जाए जो मानक कदम निर्धारित करती हो, डाटा संग्रहण और विश्लेषण के लिए प्रोटोकॉल निर्धारित करती हो और एक ऐसी सतत कार्यविधि का प्रयोग करती हो जो चयन की गई एजेंसियों से प्रस्ताव-अनुरोध (आरएफपी) का भाग हों। यह ऐसा मूल फ्रेमवर्क बन जाएगा जो एजेंसी की रेटिंग संबंधी कवायदों का मार्गदर्शन करेगा और रेटिंग कवायद के भाग के रूप में हासिल किए जाने वाले मानकों को निर्धारित करेगा।

I सूचकों की तीन श्रेणियां

अनुलग्नक 1 में तालिका (क-1) में यथाप्रदर्शित, रेटिंग संबंधी कवायद में सूचकों की तीन श्रेणियां होंगी:-

1. <u>आउटपुट सूचकः</u> उस शहर से संबंधित है जिसने व्यवहारिक संदर्भों और प्रावधान से लेकर शहर के वातावरण को हानि पहुँचाए बिना सुरक्षित एकत्रीकरण, प्रबंधन और निपटान तक कुछ परिणाम अथवा स्वच्छता के विभिन्न आयामों में आउटपुट प्राप्त किया हो। *कुल 100 अंकों में से 50 अंक के नौ प्रमुख आउटपुट सूचक है।*

2. <u>प्रक्रिया से संबंधित:</u> सूचक प्रणाली और प्रक्रियाओं से संबंधित हैं जो शहर की एजेंसियों द्वारा सतत स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए किए जाते हैं। *कुल 100 अंकों में से 30 अंक सात प्रमुख-प्रक्रिया सूचकों के लिए है।*

3. <u>परिणाम संबंधित:</u> सूचकों में पेयजल और शहरों के जल निकायों में जल की गुणवत्ता तथा निश्चित समयावधि में शहर में स्वच्छता संबंधी और जल संक्रामक रोगों में कमी से संबंधित है। *कुल 100 अंकों में से 20 अंक तीन प्रमुख परिणामी प्रक्रिया सूचकों के लिए है।*[1]

आदर्शत: उपर्युक्त आउटपुट के लिए प्रक्रियाओं और परिणाम को शहर के प्राधिकारियों द्वारा नियमित रूप से एकत्र किए जाते है, किन्तु वर्तमान में बहुत कम शहरों में ही सर्वोत्तम

[1] आउटपुट, प्रक्रिया और परिणाम सूचक के लिए आंकड़े इस दौर की रेटिंग के लिए प्रमाणित है। बाद के वर्षों में शहरों की स्थिति में सुधार और आंकड़ों की बेहतर उपलब्धता के साथ, आंकड़ों को परिणाम सूचकों के साथ शामिल किया जाएगा।

आंशिक आंकड़े उपलब्ध हैं। इस रेटिंग प्रक्रिया से सूचकों के नियमित आंकड़े एकत्रीकरण और मॉनीटरिंग की आवश्यकता पर विशेष बल देने में सहायता मिलेगी।

II आंकडा एकत्रीकरण के स्रोत और प्रक्रियाएं

चूंकि उपर्युक्त सूचकों के लिए आंकड़ों के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है इसलिए सर्वेक्षण एजेंसी प्रकाशित जानकारी और शहरों की एजेंसियों के पास उपलब्ध अनुमानों के मिश्रण का उपयोग करेंगें कि वास्तविक आकलन करने तथा स्थानीय निवासियों से सीमित वार्तालाप करने के लिए क्षेत्रों के संक्षिप्त दौरों के माध्यम से आंकड़ों को प्रमाणित तथा उनकी पुन: जांच की जा सके।

1. शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) और/अथवा जल एवं जल प्रदान करने वाले स्वच्छता सुविधा केन्द्र, स्वच्छता, नालियां, अपशिष्ट जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालियां आदि आंकड़ों का एकत्रीकरण/रेटिंग के वर्तमान दौर के लिए यूएलबी/सुविधा केन्द्र आंकड़ों के अत्यधिक महत्वपूर्ण स्रोत होने की संभावना है।

क) शहर का कार्यशील मानचित्र:

सर्वेक्षण एजेंसी एकत्र करके शहर के उस मानचित्र का उपयोग करेंगें जो वे अपनी योजना और प्रचालन के लिए उपयोग करते हैं। ऐसा मानचित्र शहर को विभिन्न क्षेत्रों को (उत्तर, पूर्व, दक्षिण, पश्चिम मध्य आदि) में विभाजित करने का आधार प्रदान करेगा।

शहर के कार्यशील मानचित्र में निम्नलिखित विशेषताओं को भी चित्रित करना चाहिए:

- प्रत्येक वार्ड में जनसंख्या सहित वार्ड की सीमाएं।
- शहर-भर में अधिसूचित और गैर-अधिसूचित स्थान।
- पुराने शहर तथा नए योजनाबद्ध और समीप के क्षेत्र, आवासीय, सरकारी/कार्यालय, वाणिज्यिक व्यापार जिले, मुख्य बाजार क्षेत्र, प्रमुख रेल और बस स्टेशन तथा शहर के अन्य प्रमुख प्राकृतिक और मानव-निर्मित आवासीय क्षेत्र का ध्यान।
- शहरी पर्यावरण सेवा अवसंरचना स्थान और प्रणालियां जिसमें जल शोधन संयंत्र, जल आपूर्ति वितरण लाइन, गंदे पानी का नेटवर्क, नालियां, सड़के, जल निकाय, ठोस अपशिष्ट एकत्रीकरण केन्द्र, स्थानांतरण स्टेशन/डिपो, अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र, ठोस जल निपटान स्थल, नदी अथवा नालियों और गंदे पानी के लिए भूमि में गढ्ढा आदि।

यदि उपर्युक्त विशेषताएं उपलब्ध नहीं है, तो मानचित्र में उपर्युक्त विशेषताओं का पता लगाने और क्षेत्र के दौरे के अध्ययन हेतु नमूना के रूप में स्थान का चयन करने के लिए यूएलबी विभाग/कार्मिक सर्वेक्षण एजेंसी की मदद करेगा। फर्म स्थल के चयन, जोनिंग आदि के लिए वास्तविक आंकड़ों सहित रेटिंग ऐजेंसियों की मदद करने एनएसएसओ सैम्पलिंग

फ्रेम का उपयोग करेंगे। यह वहां पर महत्वपूर्ण होगा विशेषत: जहां यूएलबी आंकड़ों में अंतराल अथवा मानचित्र आंशिक अथवा अशुद्ध हो।

<u>ख) मॉनक सूचक संबंधी आंकड़े</u>

आउटपुट से संबंधित आंकड़े (पूर्ण भाग में स्पष्ट) अर्थात शौचालय का पर्याप्त प्रावधान और उपयोग, खुले में शौच करने की स्थिति, हस्तचालित साफ-सफाई, मानव मल-मूत्र का सुरक्षित प्रबंधन और प्रतिपादन। पुन: प्रयोग, कूडा-करकट, नालियां और ठोस अपशिष्टों आदि को यूएलबी के साथ विचार-विमर्श में उपलब्ध मूलभूत आंकड़ों का उपयोग करते हुए एकत्र, गणना अथवा अनुमानित करने की आवश्यकता है। इन अनुमानों को क्षेत्र के अध्ययन द्वारा विधिवत बढ़ाया और समर्थ बनाया जाता है। (नीचे देखें)।

यूएलबी/जनोपयोगी सेवाओं की प्रक्रिया सूचकों दूसरे वर्ग के लिए अधिकतम आंकड़े होने की संभावना है। कुछ सूचकों के लिए सर्वेक्षण एजेंसी को संगत एजेंसी से आंकड़े प्राप्त करने के लिए यूएलबी की मदद की आवश्यकता होगी।

कुछ आंकड़ें परिणामी सूचकों के तहत भी सरलता से उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि कुछ जनोपयोगी सेवाएं अथवा यूएलबी जल की गुणवत्ता की मॉनीटर कर सकते हैं। बड़े शहरों के मामले में, शहर स्वास्थ्य एजेंसी स्वच्छता और जल संबंधी रोगों के आंकड़ों के संरक्षक हो सकते हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के समक्ष जल गुणवत्ता के आंकड़ें होंगें जबकि शहर के अपशिष्ट जल उपचार सुविधा भी जल गुणवत्ता मानकों पर भी आंकड़ें प्रदान कर सकते हैं।

यह नोट किया जा सकता है कि (यदि नहीं, अधिकांश) यूएलबी/जनोपयोगी सेवाएं रेटिंग अभ्यास में शामिल सूचकों के लिए सुलभता से उपलब्ध आंकड़े नहीं होगें। तथापि अपने कार्मिक का अनुभव अथवा प्रतियुक्त सूचकों पर आंकड़े का उपयोग करते हुए उनके अशोधित अनुमानों को अपनाने अथवा "अनुमानित आकलनों" बनाने की संभावना है। अत: न सिर्फ यूएलबी/जनोपयोगी सुविधाओं से आंकड़े एकत्र करना ही आवश्यक होगा बल्कि किस प्रकार आंकड़ों को बनाया अथवा उनका विश्लेषण किया गया, को भी शामिल करने पर पर्याप्त ध्यान देना पड़ेगा (नीचे विचार-विमर्श किया गया) इसके साथ शीघ्र क्षेत्र के दौरे अध्ययन का उपयोग करते हुए ऐसे आंकड़ों (विशेषत: आंशिक अथवा पुराना) किस प्रकार मान्यता दे सकते है और यूएलबी तथा अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श में शामिल कर सकते है।

2. <u>अन्य एजेंसियों अथवा प्राधिकरणों से आंकड़ों का एकत्रीकरण:</u> जो विशेष सूचकों को एकत्र करने और/अथवा मॉनीटर करने के लिए जवाबदेह है, उदाहरणार्थ प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों, नदी के जल की गुणवत्ता को एकत्र करने और आंकड़े एकत्र कर सकते हैं, शोधन के पश्चात् नदी के जल की गुणवत्ता, अतिसार रोगों पर आंकड़े स्वास्थ्य विभाग/एजेंसियां एकत्र कर

सकते है, नए भवनों अथवा विकास के लिए विकास एजेंसिया अनुमति प्रदान करने हेतु (इसके द्वारा घरों की स्वच्छता को मॉनीटर करना और निपटान के लिए व्यवस्था करना) सर्वेक्षण एजेंसी को ऐसे विशेष आंकड़ों को एकत्र करने के लिए इन एजेंसियों से संपर्क करने की आवश्यकता है।

3. <u>प्रकाशित स्रोत:</u>

भारत की जनगणना से घर के स्तर पर स्वच्छता प्रबंधों तक वार्ड-अनुसार घर तक पहुंच का ब्यौरा प्रदान करेगा लेकिन यह सुनिश्चित करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि उक्त आंकड़ों (पिछली जनगणना वर्ष 2001 में की गई थी) को अधिक नए सर्वेक्षणों के माध्यम से अद्यतित किया जाना चाहिए (उदाहरण अधिकांश राज्यों और शहरों ने भारत सरकार अथवा राज्य सरकार की योजनाओं की तैयारी के रूप में घरों/बीपीएल घरों के सर्वेक्षण हुए होंगें)। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त की गई उपलब्धियों से 2001 के आंकड़ों को अद्यतन बनाना अगला उत्तम विकल्प है, उदाहरणार्थ वर्ष 2001 से बनाए गए शौचालयों की संख्या। एनएसएसओ और अन्य विशेष सर्वेक्षण, उदाहरणार्थ राष्ट्रीय परिवार स्वस्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) शहर-स्तर पर सूचकों को रिपोर्ट नहीं करेंगे क्योंकि उक्त एजेंसी राज्य स्तर पर नमूनों पर अधिक ध्यान देती है। तथापि इन स्रोतों को संदर्भ के रूप में, विशेषत: व्यापकता को समझने के प्रयास करने हेतु उपयोगी साबित होगा, उदाहरण यदि राज्य "सूखा मल" की मौजूदगी को शहरी क्षेत्रों में दर्शाता है तो यह राज्य के कुछ अथवा सभी शहरों में मौजूद रहने की संभावना हो सकती है।

4. <u>क्षेत्र दौरे का अध्ययन:</u>

यह आंकड़ों को एकत्र करने का दूसरा प्रमुख खंड होगा। अध्ययन में निम्नलिखित शामिल हैं:-

क) कुछ सूचकों पर आंकड़ों का पता लगाने अथवा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय जनता के साथ विचार-विमर्श, उदाहरणार्थ खुले में शौच करने वाले गंदी बस्ती के निवासियों का अनुपात।

ख) रिकार्डों का अवलोकन और सुविधा केन्द्रों में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श उदाहरणार्थ कचरे के रूप में ठोस अपशिष्ट का एकत्रीकरण, पुन: उपयोग किए जा रहे कचरे का अनुपात, उपचार के पश्चात् जल की गुणवत्ता आदि

ग) प्रत्येक अवलोकन, जहां संगत हो, वहां फोटो-दस्तावेज उदाहरणार्थ नालियों अथवा नालों में अपशिष्टों को गड्ढों अथवा सेप्टिक टैंकों में बहाना, संचित ठोस अपशिष्ट को रखना, नाबदान अथवा बेकार बहना आदि।

शहर के कार्यशील मानचित्र को आधार मानते हुए और यूएलबी के साथ विचार-विमर्श से सर्वेक्षण एजेंसी प्राथमिक क्षेत्र अध्ययन के लिए स्थलों का चयन करेगी।

प्रत्येक शहर में निम्नलिखित स्थान शामिल होंगें:-

- अनधिकृत मलिन बस्ती भी आबादी और शहर के विभिन्न भाग के शहरी गांव।
- आसपास के क्षेत्र (गैर-मलिन बस्ती क्षेत्र) में शामिल होंगें।

    क) अपार्टमेंट;

    ख) सरकारी कॉलोनी;

    ग) नियोजित कॉलोनी; व

    घ) अनियोजित कॉलोनी

- मुख्य सार्वजनिक स्थानों:

    क) मुख्य बस स्टेशन;

    ख) मुख्य रेलवे स्टेशन;

    ग) मुख्य बाजार क्षेत्र; व

    घ) मुख्य व्यवसाय जिला।

- गंदी नाली, पानी शोधन संयंत्र, यदि उपलब्ध हों।
- ठोस अपशिष्ट स्वच्छता गढ्ढा अथवा अनियंत्रित क्षेपण भूमि।
- वे स्थान जहां तरल और ठोस अपशिष्टों की निपटान की संभावना होती है, जैसे नदी, नहर, नाली, झील, तालाब आदि और इसलिए ऐसे निकायों के तटों/किनारों पर दौरा करने की आवश्यकता होती है।

सर्वेक्षण फर्म अपने निष्कर्षों और जांच को दर्ज करने के लिए मानचित्रों और सरल रिकार्डिंग प्रारूप का उपयोग करेंगें। एकत्र किए गए साक्ष्यों के समर्थन के लिए, जहां आवश्यक हो, फोटो भी लिया जाएगा।

5. <u>जल नमूना परीक्षण:</u>

जल नमूने को शहर-भर के पेय जल स्रोतों तथा अन्य जल निकायों से एकत्र किया जाएगा तथा गुणवत्ता सूचकों के लिए परीक्षण किया जाएगा।

III शहरों के तीन आकार वर्ग:

उपर्युक्त विचार-विमर्श के अनुसार आकलन प्रक्रिया विस्तृत प्राथमिक आंकड़ा एकत्रीकरण पर निर्भर नहीं है, इसलिए क्षेत्र के स्थान अध्ययन के चयन (उदाहरण गंदी बस्ती स्थान, आवासीय क्षेत्र के आसपास, बाजार क्षेत्र आदि) कठिन सांख्यिकीय सैम्पलिंग की आवश्यकता नहीं होगी। इसके बजाय यूएलबी के साथ विचार-विमर्श से विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों और स्थितियों को शामिल करने के प्रयास किए जाएगें।

तथापि, वर्ग I शहरों में जनसंख्या की अधिक विभिन्नता के लिए (और भौगोलिक प्रसार), नीचे तालिका (1) में दी गई तीन वर्गों के लिए पृथक रूप में आकलन किया जाएगा:-

तालिका (1) : जनसंख्या आकार वर्ग के शहरों का वर्गीकरण			
	जनसंख्या आकार वर्ग	**जनसंख्या आकार**	**शहरी समूह/शहरों की संख्या**
1	महानगर	5 मिलियन से अधिक	6
2	बड़े वर्ग 1	1 मिलियन से 5 मिलियन तक	29
3	अन्य बड़े वर्ग 1	1,00,000 से 1 मिलियन तक	400+
स्रोत: भारत की जनगणना, 2001 नोटः महानगर में घरों की संख्या 60 मिलियन और बड़े वर्ग I में 48 मिलियन व्यक्ति आंकड़ा एकत्रीकरण, प्रोसेसिंग तथा स्कोर करने का तरीका			

बड़े शहरों के विभिन्न भागों में विद्यमान होने की संभावना वाली विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों को कवर करने के लिए 1 श्रेणी के बड़े शहरों तथा 1 श्रेणी के अन्य शहरों के उपरांत महानगरों में पर्यवेक्षण स्थलों (आस-पड़ोस, मलिन बस्तियां, बाजार, पानी के नमूने इत्यादि) की संख्या सबसे ज्यादा होगी।

IV. डाटा संग्रहण, प्रक्रियागत करना और स्केटिंग का तरीका

इस भाग में आंकड़ों एकत्रीकरण करने के प्रमुख उपाय है जिसमें जांच बिन्दु के स्रोत और सैम्पलिंग बिन्दु और सूचकों को दर्शाने के लिए प्रयोग की जाने वाली योजना शामिल है।

जहां उपलब्ध हो, वहां संगत शहरी विकास मंत्रालय सेवा स्तर का बेंचमार्क[2] भी उपलब्ध हो।

1. आउटपुट संबंधित सूचक कुल -50 अंक

क) खुले में शौच नहीं - 16 अंक

i. व्यक्तिगत रूप से और सामुदायिक स्वच्छता केन्द्रों में शहरी गरीब और अन्य असेवित घरों द्वारा शौचालय तक पहुंच और उपयोग-4 अंक

1. बिना शौचालय के घर तथा घरों के अनुपात को दर्शाने के लिए जनगणना 2001 के आंकड़े अथवा यूएलबी आंकड़े (आधारभूत सर्वेक्षण के), यदि उपलब्ध हो, का प्रयोग (स्वच्छता प्रबंधन के प्रकारों के स्पष्ट[3] चित्र प्राप्त करने के लिए राज्य स्तर एनएफएचएस-3 आंकड़े के साथ विश्लेषण के आरंभिक बिन्दु के रूप में स्वच्छता प्रबंधनों का उपयोग राज्यवार संवितरण)।

[2] सर्विस लेवल बेंचमार्क एमओयूडी, भारत सरकार पर पुस्तिका (हैंडबुक)

[3] एनएफएचएस-3 जनगणना की तुलना में शौचालय प्रौद्योगिकी और निपटान प्रबंधन सहित अधिक विस्तृत फोटो प्रस्तुत करती है जबकि जनगणना की रिपोर्ट में निपटान प्रबंधन नहीं होता है। संयुक्त मॉनीटरिंग कार्यक्रम (जेएमपी) भी देश-भर में स्वच्छता का पता लगाने की प्रगति के लिए नवीनतम एनएफएचएस आंकड़ों का प्रयोग करता है।

2. मूलभूत शहर का कार्यशील मानचित्र का उपयोग करते हुए यूएलबी के साथ विचार-विमर्श कि मलिन बस्ती का स्थान और शहरों में अन्य आवासीय स्थानों, जहां घरों में, बिना शौचालय के घर होने की संभावना है।

3. शहर के प्रमुख भाग करने के लिए शहर के कार्यशील मानचित्र का उपयोग करें

- वर्ग I शहरों में चार जोन-उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण।
- बड़े वर्ग I अथवा महानगरों में 6 जोन, शहर को 6 क्षेत्र अथवा जोन में भाग करे (मध्य जोन और उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण के अतिरिक्त परिधि जोन)

4. शहर में, अधिसूचित मलिन बस्ती की सूची (राज्य के कानून के अनुसार), चार। छह जोन में से सबसे बड़ी मलिन बस्ती (जनसंख्या के अनुसार) का चयन करें।

जहां विशिष्ट जोन में अधिसूचित मलिन बस्ती उपलब्ध नहीं है, सबसे बड़ी गैर-अधिसूचित मलिन बस्ती अथवा सबसे बड़ी अनियमित आवासीय क्षेत्र को यूएलबी के विचार-विमर्श से चयन करें।

जोन में कोई भी मलिन बस्ती नहीं होने की स्थिति में शहर में सबसे अधिक संख्या में मलिन बस्ती दर्शाने वाले जोन का चयन करें।

अन्य जोन से कोई भी मामला नहीं होने की स्थिति में प्रक्रिया को दोहराएं।

5. चयनित स्थलों का क्षेत्र दौरा का संचालन करें। सामान्यत: आपके क्षेत्र के दौरे का समय प्रात:काल अथवा सांयकाल होना चाहिए।

6. आवासीय क्षेत्र में जाने पर, उसके आसपास घूमकर खोज करें। आवासीय क्षेत्र में रहने वालों के शौचालय तक पहुंच और स्वच्छता प्रक्रियाओं के संबंध में उनसे चर्चा करें।

आवासीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से स्थानीय सूचना प्रदाताओं के कम से कम तीन समूह जिससे कम से कम एक महिला हो, से चर्चा करें।

7. उपर्युक्त विचार-विमर्श के भाग के रूप में उन निवासियों की पहचान करें जिसके घरों में स्वंय का शौचालय न हो और सुनिश्चित करें कि वे सामुदायिक अथवा सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करते हैं। अथवा खुले में शौच करते हैं।

8. उपर्युक्त वार्तालाप के आधार पर आवासीय क्षेत्र में खुले में शौच कर रहे निवासियों के आकलन को प्रतिशत में दर्शाए।

9. खुले में शौच करने के स्थान की फोटो ले और फोटो ली गई स्थल का नाम और तारीख नोट करें।

10. क्षेत्र के दौरे द्वारा शामिल किए गए चार/छह आवासीय क्षेत्रों के अनुपात की गणना करने के पश्चात् इन अनुपातों का सरल औसत निकाले तथा नीचे योजना के तहत अंक प्रदान करें।

अंक प्रदान करने की योजना	**अंक**
गंदी बस्ती के नमूने वाले आवासीय परिसर में खुले में शौच नहीं होना।	4 अंक दें।
गंदी बस्ती के नमूने के अनुमानित जनसंख्या के 5 प्रतिशत बस्ती जो खुले में शौच करती है।	3 अंक दें।
गंदी बस्ती नमूने के अनुमानित जनसंख्या को 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत जो खुले में शौच करती है।	2 अंक दें।
गंदी बस्ती नमूने के 10 से 15 प्रतिशत की अनुमानित जनसंख्या जो खुले में शौच करती है।	1 अंक दें।
गंदी बस्ती के नमूने में 15 प्रतिशत से अधिक की अनुमानित जनसंख्या जो खुले में शौच करती हो।	0 अंक दें।
नोट: हम *प्रक्रिया अथवा वास्तविक प्रयोग के न कि केवल वास्तविक सुविधाओं और शौचालय* होने का व्यावहारिक आयाम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ ऐसे घर होगें जहां कुछ सदस्य शौचालय का प्रयोग करते होगें और कुछ खुले में शौच करते होंगे।	
शहरी विकास मंत्रालय का मानक एमओयूडी बेंचमार्क व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक शौचालय की पहुँच सेवा क्षेत्रों में 100 प्रतिशत जनसंख्या के लिए कुछ ही दूरी पर होता है।	

उपर्युक्त आकलन में आवासीय क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात जो वास्तव में खुले में शौच करते हो अर्थात जहां शौचालय का उपयोग किया जा रहा हो अथवा वहां स्थित हो, पर ध्यान दिया गया है।

ii. घुमंतू और स्थिर जनसंख्या के लिए शौचालय की पहुंच तथा प्रयोग-पर्याप्त सार्वजनिक सुविधा केन्द्र- 4 अंक

1. सार्वजनिक शौचालय की परिभाषा दें जो जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो, चाहे वह नि:शुल्क हो अथवा उसके लिए भुगतान करना हो।[4]

2. यूएलबी से उनके द्वारा, उनके एजेंटों/ठेकेदारों अथवा निजी पार्टियों अथवा सामुदायिक समूहों (कुछ शहरों में इन्हें सामुदायिक शौचालय भी कहा जाता है) सार्वजनिक शौचालय की संख्या जाने।

[4] एक सार्वजनिक शौचालय पर अर्थात घुमंतू जनसंख्या के प्रयोग के लिए बल दिया गया है कुछ शहरों में सामुदायिक शौचालय है जो नियमित प्रयोगकर्त्ताओं के प्रमुख समूह द्वारा प्रयोग अर्थात मलिन बस्ती के निकट, के लिए होता है। बाद में उल्लेख किए गए शौचालय निश्चित रूप से 1 क) i) में होगा।

देशभर में इन सार्वजनिक शौचालयों का भौगोलिक विवरण सुनिश्चित करें।

3. अन्य वर्ग I शहरों में (अधिक जनसंख्या थ्रू-पुट में) यूएलबी से पूछते हुए,

क) मुख्य बस स्टेशन;

ख) मुख्य रेलवे स्टेशन;

ग) मुख्य बाजार क्षेत्र, और

घ) मुख्य व्यवसाय जिला।

4. बड़े वर्ग I शहरों में यूएलबी से पूछते हुए छह प्रमुख सार्वजनिक स्थान (अधिक जनसंख्या थ्रू-पुट में)

क) मुख्य बस स्टेशन;

ख) मुख्य रेलवे स्टेशन;

ग) मुख्य बाजार क्षेत्र;

घ) मुख्य व्यवसाय जिला; और

(ड.) और (च) उपर्युक्त वर्गों से दो अन्य स्थान (उदाहरण दूसरा प्रमुख बाजार) अथवा स्थान का नया वर्ग (उदाहरण प्रमुख मनोरंजक क्षेत्र)

5. महानगरों में 8 प्रमुख स्थान-यूएलबी से पूछते हुए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों से एक (अधिक जनसंख्या वाले थ्रू-पुट)

क) मुख्य बस स्टेशन;

ख) मुख्य रेलवे स्टेशन;

ग) मुख्य बाजार क्षेत्र, और

घ) मुख्य व्यवसाय जिला।

और ड., च, छ, ज) उपर्युक्त वर्गों में से चार अन्य स्थान (उदाहरण दूसरा प्रमुख रेलवे स्टेशन) अथवा स्थान का नया वर्ग (उदाहरण प्रमुख मनोरजंक स्थल)

6. प्रत्येक चयनित स्थान का दौरा करें- दौरा दिन में अथवा प्रमुख कार्य घंटों के दौरान करें (प्रात: काल अथवा देर रात में नहीं)

सार्वजनिक शौचालय के चयनित स्थान और स्थिति का पता लगाए तथा यह जाने की वह कार्य कर रहा है अथवा नहीं।

शौचालय का और उसके आस-पास के क्षेत्रों का फोटो लें।

7. सार्वजनिक शौचालय के समीप कम से कम 2 दुकान/कार्यालय के कार्मिकों का संक्षिप्त साक्षात्कार करें।

8. शौचालय के समीप कम से कम 2 अन्य प्रयोगकर्त्ताओं का संक्षिप्त साक्षात्कार करें।

9. जांचों और साक्षात्कारों के आधार पर सार्वजनिक शौचालय को ''प्रचालनरत और कार्यशील'' अथवा '' असंतोषजनक'' दर्शाए।

10. सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं होने अथवा कुछ शौचालय होने की स्थिति में कुछ व्यक्तियों (विशेषकर दुकानदारों) से पूछें कि वे पेशाब एवं शौच के लिए कहां जाते हैं।

11. इन शौचालय में अथवा इसके आसपास अथवा इन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में खुले में शौच अथवा पेशाब करने की किसी भी मामले को नोट करें। फोटो लें।

मार्किंग की योजना	**अंक**
प्रत्येक नमूना स्थान में उपलब्ध कार्यशील सार्वजनिक शौचालय (क्रियाशील और कार्यरत) के लिए	अंक दें =4x (नमूना अवलोकन केन्द्रों में क्रियाशील और कार्यरत सार्वजनिक शौचालय की संख्या)
प्रत्येक नमूना अवलोकन क्षेत्र में खुले में पेशाब अथवा खुले में शौच करते पाए जाने पर प्रत्येक घटना के लिए 0.5 अंक काटें और इसी प्रकार अधिकतम 2 अंक तक काटें	

iii. खुले में शौच करते नहीं पाए जाने पर - 4 अंक

1. दौरे के कुल केन्द्र के अनुपात में खुले में शौच करते पाई गई घटनाओं की गणना 1 क) i) और 1क) ii) में करें।
2. शहर के सीमा पर मुख्य रेलवे स्टेशन के दोनों ओर 1 कि.मी से अधिक के क्षेत्र अथवा मुख्य रेलवे लाइन संरेखनों (एलाइनमेंटो) पर रेलवे लाइन (अर्थात अधिकतम यात्री वाहक रेल के लिए) का अवलोकन करें।
3. खुले में शौच होने की स्थिति को देखें और उसके आधार पर ''ओडी'' अथवा ''ओडी नहीं'' का निर्णय लें।
4. फोटोग्राफ लें।

मार्किंग की योजना
4 अंक देने से अंकन कार्य आरंभ करें
4 अंकों से अंक काटें (उपर्युक्त सं. 1 में कुल क्षेत्रों में दौरा किए गए कुल केन्द्रों के अनुपात में दौरे किए गए केन्द्र जहां ओडी पाया गया, का अनुपात) और 2 से गुणा करें।
प्राप्त उपर्युक्त परिणाम में प्रत्येक ''ओडी'' रेलवे ट्रैक (अधिकतम 2 अंक काटे जा सकते हैं) के लिए 4 अंक काटें।

iv. शहरों में मानव द्वारा मल उठाने की प्रवृत्ति को हटाना -4 अंक

1. यह सुनिश्चित करें कि जनगणना 2001 अथवा यूएलबी के नवीनतम सर्वेक्षण आंकड़े में शौचालयों के ''अन्य'' (लैट्रिन सेवा) वर्ग है। राज्य के शहरों में ''सूखा शौचालय'' की श्रेणी देखने के लिए एनएफएचएस-3 आंकड़े का संदर्भ लें।
2. मानव द्वारा मल उठाने पर प्रेस रिपोर्ट की भी जांच करें।
3. क्षेत्र के दौरे में 1 क) i) और 1क) ii) किसी भी प्रकार के मानव द्वारा मल उठाने की घटना के लिए देखें। पूछें।

मार्किंग की योजना
4 अंक देने से अंकन प्रक्रिया आरंभ करें।
शहर में किसी प्रकार से मानव द्वारा मल उठाने की घटना के लिए 4 अंक काटें
मानव द्वारा साफ करने अथवा निपटान के उद्देश्य से मानव मल के किसी भी प्रकार से मल उठाने की घटना, यदि सिर पर नहीं रखा जा रहा है तब भी, नोट करें।

ख. सुरक्षित रूप से एकत्र किए गए कुल मानव मल का अनुपात - 6 अंक

1. यूएलबी आंकड़े एकत्र करें जो निम्नलिखित से संबंधित हो:

i) आवासीय परिसरों से जुड़े हुए गंदे पानी की निकासी, और
ii) शेष आवासीय परिसरों के आन साइट प्रबंध

शहर के कुल आवासीय परिसरों जहां से मल का सुरक्षित एकत्रीकरण अथवा अन्य गंदे पानी के निकासी हेतु नेटवर्क में जुड़ा हुआ अथवा सेप्टिक टैंकों ओर गढ्ढों में सुरक्षित एकत्र किया किन्तु नालों, नालियों अथवा खुले क्षेत्रों में नहीं बहाया गया हो, के अनुपात को कुल यूएलबी के साथ अनुमान लगाएं।

2. ''अन्य I श्रेणी के '' शहरों में यूएलबी के साथ चार (गैर-मलिन बस्ती) पड़ोस/कॉलोनियां को सुनिश्चित करें। गंदे पानी की नालियों वाले शहरों में - दो नाली वाले और दो बिना नाली वाले स्थान: बिना नाली वाले शहर, सभी चार कॉलोनी बिना सीवर के रहे हों।

श्रेणी I के बड़े शहरों में आठ स्थानों तथा महानगरों में 8 स्थानों का चयन करें।

3. विभिन्न प्रकार के बसाहटों को कवर करने के लिए उपर्युक्त चार कॉलोनियों (1 क में मलिन बस्ती के स्थानों के अतिरिक्त गैर-मलिन बस्ती स्थान) का चयन करें अर्थात:-

(क) सरकारी कॉलोनी,

(ख) पुराने शहरी क्षेत्र में कॉलोनी,

(ग) नियोजित कॉलोनी (सरकारी अथवा निजी क्षेत्र द्वारा विकसित),

(घ) अपार्टमेंट/बहु-मंजिली बिल्डिंग (केवल महानगरों में)

श्रेणी- । के बड़े शहरों और महानगरों में यूएलबी/यूटीलिटी के साथ चर्चा करने के लिए उपर्युक्त प्रकारों को कवर करने के लिए छह/आठ स्थानों का चयन करें।

4. शहर के विभिन्न क्षेत्रों/जोनों अर्थात शहर के उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण भागों से यथासंभव उपर्युक्त पर्यावासों का चयन करें।

5. सवेरे-सवेरे इन कॉलोनियों का दौरा करें (सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक)।

6. प्रत्येक कॉलोनी में घर के पिछले हिस्से में जाकर देखें कि कहीं वहां बिल्डिंग/ घरों/संपत्तियों से टूटा हुआ सीवर अथवा सीवर का बहता हुआ पानी तो नहीं है। इसका फोटो खींचे।

7. इन कॉलोनियों के आसपास नदी/नाले अन्य खुले स्थानों पर इकट्ठा हुआ अशोधित सीवेज देखें। इसका फोटो खींचें।

8. स्थानीय निवासियों (प्रत्येक स्थान पर कम से कम 3) से इस बारे में पूछे कि अपशिष्ट पदार्थों का निपटान कहां किया जाता है, क्या सीवर और सेनिटरी के पाइपों में टूट-फूट और रिसाव आम बात है तथा क्या और कैसे ऑन-साइट सिस्टमों की सफाई की जाती है।

9. टिप्पणियों और विचारविमर्श के आधार पर मानव के मल के सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं वाली संपत्तियों की प्रतिशतता का प्राक्कलन करें (कार्यरत सीवरेज, ऑन साइट टैंक तथा गढ्ढे)।

10. शहर के प्रत्येक प्रतिमानी पड़ोसी/कॉलोनियों से आकलित प्रतिशतता के सामान्य औसत की गणना करें।

अंक प्रदान करने की योजना	**अंक**
सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियों के अनुपात को चिन्हित करने के लिए निम्नलिखित अंक दें	
शत-प्रतिशत सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	6 अंक दें
90 प्रतिशत से लेकर व 100 प्रतिशत से कम सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	5 अंक दें
80 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	4 अंक दें
70 प्रतिशत से लेकर 80 से कम सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	3 अंक दें
60 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	2 अंक दें
40 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत से कम सुरक्षित संग्रहण	1 अंक दें

व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	
40 प्रतिशत से कम सुरक्षित संग्रहण व्यवस्थाओं से युक्त संपत्तियां	0 अंक दें
नोट: टूट-फूट, मल जल के ओवर फ्लो अथवा रिसाव के लिए 0.5 अंक काटें (इस प्रकार काटे जाने वाले अधिकतम 3 बिन्दु तक)। कुल मिलाकर सबसे न्यूनतम अर्थात शून्य हो सकता है लेकिन नकारात्मक नहीं हो सकता।	
शहरी विकास मंत्रालय का मानक सीवरेज नेटवर्क की संग्रहण कार्योत्पादकता (100 प्रतिशत बेंचमार्क मान) के दिन मल जल का सुरक्षित सीमित, शोधित अथवा निपटान शामिल नहीं है। उपर्युक्त कवायद में हमें यह ध्यान रखना पड़ेगा कि मानव मल की कुल मात्रा के साथ क्या होता है अर्थात केवल सीवरेज प्रणाली तक ही सीमित/संग्रहित न हो।	

ग. शोधित किए जाने वाले और सुरक्षित रूप से निपटान किए जाने वाले कुल गंदे अपशिष्ट पानी (मानव मल सहित) का अनुपात -6 अंक

1. निम्नलिखित प्रणालियों से उत्सर्जित गंदे अपशिष्ट पानी (द्वितीयक उपचार के न्यूनतम स्तर तक) के शोधन के अनुपात के संबंध में डाटा की यूएलबी के साथ चर्चा करें:

क) सीवेज शोधन प्लांट में संग्रहित और शोधित उत्सर्जित सीवेज का अनुपात।

ख) उस सेप्टेज (गीला कचरा) का अनुपात (ऑन-साइट स्वच्छता प्रणालियों से) जिसकी वार्षिक रूप से सफाई की जाती है और जो किसी शोधन प्रणाली में जमा हो जाता है। यदि सीवरेज नेटवर्क के अंदर सेप्टेज खोलों में जमा हो जाए तो दोबारा परिकलन न करें।

ग) शोधित किए गए गंदे पानी से संपर्क में आने पर प्रदूषित हुए नालों तथा नालियों में प्रवाह की मात्रा। उपर्युक्त मद (1) के लिए फोटो लेकर वैध ठहराएं।

(यदि पूरे शहर का अपशिष्ट पानी गंदे अपशिष्ट पानी द्वारा संदूषित होना प्रतीत हो तो नीचे 1 (घ) मानक को हटा दें)।

2. सीवरेज/सेप्टेज के द्वितीयक शोधन के अनुपात को सत्यापित करने के लिए यदि उपलब्ध हो तो दो सबसे बड़े सीवेज उपचार सुविधा केन्द्र का दौरा करें। रिकार्डों से शोधित पानी की गुणवत्ता का सत्यापन करें।

अंक प्रदान करने की योजना	**अंक**
द्वितीय उपचार के उपरांत शोधित और निपटान किए गए गंदे अपशिष्ट पानी के अनुपात का परिकलन करें (द्वितीय उपचार के लिए भारत सरकार के सीपीसीबी के मानकों का अनुसरण करें)	

यदि शत-प्रतिशत गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	6 अंक दें
यदि 90 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	5 अंक दें
यदि 80 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	4 अंक दें
यदि 70 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	3 अंक दें
यदि 60 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	2 अंक दें
यदि 40 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	1 अंक दें
यदि 40 प्रतिशत से कम गंदे अपशिष्ट पानी का शोधन और निपटान होता है	0 अंक दें

नोट:

गंदे अपशिष्ट पानी को जलाशय, नदी अथवा खुले स्थान पर असुरक्षित रूप से फेंकने अथवा निपटान करने के प्रत्येक दृष्टांत पर 0.5 अंक काटे - (इस प्रकार काटे जाने वाले अधिकतम 2 बिन्दु तक)

कुल मिलाकर सबसे न्यूनतम अर्थात शून्य हो सकता है लेकिन नकारात्मक नहीं हो सकता।

(यदि शहर का पूरा अपशिष्ट पानी मानव मल द्वारा संदूषित होना प्रतीत हो अथवा हो जाए तो अंतिम स्कोर को 1.5 से गुणा करें तथा नीचे 1 घ मद को हटा दें।)

शहरी विकास मंत्रालय का मानक

सीवरेज शोधन प्लांट के आउटलेटों से संग्रहित शत-प्रतिशत नमूनों को द्वितीयक शोधन के संबंध में भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता जांच से गुजारा जाता है।

घ. शोधित और निपटान किया गया उत्सर्जित कुल ग्रे अपशिष्ट पानी का अनुपात-3 अंक

1. यूएलबी के साथ चर्चा करके उत्सर्जित अपशिष्ट पानी के प्रवाह की मात्रा का पता लगाएं जिसमें जैविक बोझ तो है लेकिन मानव मल नहीं (''ग्रे अपशिष्ट पानी'')।

2. अपशिष्ट पानी के उस अनुपात का पता लगाए जिसे किस शोधन सुविधा केन्द्र में शोधित किया गया है और तत्पश्चात् द्वितीय शोधन मानकों की पूर्ति के उपरांत इसे पर्यावरण में छोड़ा जाता है।

3. यदि शहर के अपशिष्ट पानी को सहजता से गंदे और मल जल पानी की श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है तो इस सूचक को हटा दें तथा 9 अंकों में से पूर्ववर्ती सूचक का आकलन करें।

मद 1(ख) के लिए यथासंग्रहित फोटोग्राफिक साक्ष्य का संकलन करें।

अंक प्रदान करने की योजना	**अंक**
द्वितीयक शोधन के उपरांत शोधित और निपटान किए गए मल-जल (ग्रे) अपशिष्ट पानी के अनुपात का परिकलन करें (द्वितीयक शोधन के लिए भारत सरकार, सीपीसीबी के मानकों का अनुसरण करके)	
यदि 100 प्रतिशत गंदला पानी उपचारित किया जाता है और उसका निपटान किया जाता है	3 अंक प्रदान करें
यदि 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत गंदला पानी उपचारित किया जाता है और उसका निपटान किया जाता है	2 अंक प्रदान करें
यदि 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत गंदला पानी उपचारित किया जाता है और उसका निपटान किया जाता है	1 अंक प्रदान करें
यदि 60 प्रतिशत से कम गंदला पानी उपचारित किया जाता है और उसका निपटान किया जाता है	0 अंक प्रदान करें

ड. उपचारित गंदले पानी का अनुपात जिसका रिसाइक्लिंग और पुन: उपयोग किया जाता है - 20 प्रतिशत के लिए 3 अंक

1. यूएलबी के साथ विचार-विमर्श करके उपचारित गंदे पानी के प्रतिशत की गणना करना जो कि रिसाइक्लिंग और पुन:प्रयुक्त किया गया हो अर्थात जिसे किसी उद्योग को बेचा गया हो या किसी अन्य निजी या सार्वजनिक एजेंसी द्वारा उपयोग किया गया हो।

2. सर्वेक्षण एजेंसी दो सबसे बड़े सीवेज उपचार संयंत्रों का दौरा करके दावे की जांच कर सकती है।

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
रिसाइक्लिंग उपचारित गंदे पानी तथा उसके पुन:उपयोग के अनुपात का परिकलन (द्वितीय उपचार के पश्चात्)	
यदि 20 प्रतिशत या अधिक उपचारित गंदे पानी का रिसाइक्लिंग किया जाता है और उपयोग किया जाता है	3 अंक प्रदान करें
यदि 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत तक उपचारित गंदे पानी का रिसाइक्लिंग किया जाता है और उपयोग किया जाता है	2 अंक प्रदान करें
यदि 1 प्रतिशत या 10 प्रतिशत तक उपचारित गंदे पानी का	1 अंक प्रदान करें

रिसाइक्लिंग किया जाता है और उपयोग किया जाता है	
यदि 1 प्रतिशत से कम उपचारित गंदे पानी का रिसाइक्लिंग किया जाता है और उपयोग किया जाता है	0 अंक प्रदान करें
नोट: शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 20 प्रतिशत पुन: उपयोग और रिसाइक्लिंग का मानक है।	

च. कुल वर्षा जल और ड्रेनेज का अनुपात जिसका प्रभावपूर्ण ढंग से और सुरक्षित रूप से प्रबंधन किया गया है - 3 अंक

1. शहर में और उसके आसपास की सड़कों पर ड्रेनेज और अन्य प्रमुख ड्रेनेज क्षेत्रों के कवरेज के संबंध में यूएलबी के साथ विचार-विमर्श।
2. बाढ़ और जल-भराव की रिपोर्टों के लिए वर्षा के मौसम में समाचार पत्रों को देखें।
3. फील्ड दौरों के दौरान नालियों के टूटने या भरकर बहने की किसी घटना को ध्यान में रखें (1 क) i) और ii) और (1 ख)
4. बाढ़ और जल-भराव की घटना के संबंध में शहरी मलिन बस्तियों और अन्य आसपास के लोगों से पूछें।

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
क. वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज) क्षेत्र	
यदि 100 प्रतिशत शहर की सड़कों को शामिल कर लिया गया है	3 अंक प्रदान करें
यदि 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शहर की सड़कों को शामिल कर लिया गया है	2 अंक प्रदान करें
यदि 40 प्रतिशत 60 प्रतिशत तक शहर की सड़कों को शामिल कर लिया गया है	1 अंक प्रदान करें
यदि 40 प्रतिशत से कम शहर की सड़कों को शामिल कर लिया गया है	0 अंक प्रदान करें
ख. यदि 50 प्रतिशत से अधिक स्थानों पर नालियों के भरकर बहने तथा टूटने की घटनाएं पाई जाती हैं तो 1 अंक कम करें।	
ग. 0.5 अंक कम करें यदि 50 प्रतिशत से अधिक सड़कों पर बार-बार बाढ़ का पानी भरने की आशंका रहती है - बाढ़/जल-भराव का अर्थ है 4 घंटे से अधिक समय तक 6 इंच से अधिक पानी जमा रहना - जिससे परिवहन और सामान्य जन-जीवन प्रभावित होता हो। *कुल मिलाकर सबसे न्यूनतम अर्थात शून्य हो सकता है लेकिन नकारात्मक नहीं हो सकता।*	
शहरी विकास मंत्रालय का मानक	

वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज) नेटवर्क क्षेत्र मानक 100 प्रतिशत कुल प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक नाले (ढके हुए, कड़ीबद्ध और पक्के) सड़कों (3.5 मी से अधिक चौड़ी) की कुल लंबाई के अनुपात के तौर पर गणना की जाती है। वर्षा जल निकासी को एक वर्ष में शहर-भर में जल-भराव/बाढ़ की घटनाओं की संख्या द्वारा नापा जाता है।

छ. कुल उत्पन्न ठोस कचरे का अनुपात जो कि नियमित रूप से एकत्र किया जाता है - 4 अंक

1. रोजाना उत्पन्न ठोस कचरे और उसको एकत्र करने का यूएलबी आंकड़ा लें। उसका प्रतिशत निकालें।
2. फील्ड दौरों के दौरान क्या कहीं ठोस कचरा नजर आया (ऊपर 1 क) i), ii) और (1 ख)

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
यदि रोजाना 100 प्रतिशत ठोस कचरा एकत्र कर लिया जाता है।	4 अंक प्रदान करें
यदि रोजाना 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक ठोस कचरा एकत्र कर लिया जाता है	3 अंक प्रदान करें
यदि रोजाना 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक ठोस कचरा एकत्र कर लिया जाता है	2 अंक प्रदान करें
यदि रोजाना 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक ठोस कचरा एकत्र कर लिया जाता है	1 अंक प्रदान करें
यदि रोजाना 40 प्रतिशत से कम ठोस कचरा एकत्र कर लिया जाता है	0 अंक प्रदान करें
हर बार 0.25 अंक कम करें जब भी शहर में ठोस कचरा फेंकने की घटनाएं पाई जाती हैं और अधिकतम कमी 2 अंकों की हो सकती है। *कुल मिलाकर कोई नकारात्मक अंक नहीं है और न्यूनतम अंक शून्य है।*	
शहरी विकास मंत्रालय का मानक उत्पन्न कचरे (उत्पन्न होने के स्थान पर संसाधित या रिसाइक्लिंग कचरे को छोड़कर) के 100 प्रतिशत का मानक यूएलबी या इसकी प्राधिकृत सेवा प्रदायकों द्वारा प्राप्त किया जाता है। (परिकल्पित मासिक टन)	

ज. कुल उत्पन्न ठोस कचरे का उपचारित और सुरक्षित रूप से निपटाए जाने का अनुपात - 4 अंक

1. ठोस कचरे के उपचार और निपटान पर यूएलबी आंकड़े लें (न्यूनतम अपेक्षित भारत सरकार के मानकों के अनुरूप)
2. फील्ड दौरे के दौरान ठोस कचरे के पाए जाने पर नजर रखें (ऊपर 1 क) i) ii) और (1 ख)

3. सभी कानूनी भूमि-भराव स्थलों के साथ-साथ अनियंत्रित डम्पिंग के प्रमुख स्थलों का दौरा के - भारत सरकार के मानकों के अनुकूल निपटान (घुलकर बाहर बहने सहित) की सुरक्षा का आकलन।
4. फोटो खीचें।

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
यदि कुल उत्पन्न कचरे के प्रतिशत के रूप में 100 प्रतिशत ''अनुकूल'' उपचार और निपटान हुआ है (संग्रह नहीं)	4 अंक प्रदान करें
यदि कुल उत्पन्न कचरे के प्रतिशत के रूप में 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक ''अनुकूल'' उपचार और निपटान हुआ है (संग्रह नहीं)	3 अंक प्रदान करें
यदि कुल उत्पन्न कचरे के प्रतिशत के रूप में 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक ''अनुकूल'' उपचार और निपटान हुआ है (संग्रह नहीं)	2 अंक प्रदान करें
यदि कुल उत्पन्न कचरे के प्रतिशत के रूप में 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक ''अनुकूल'' उपचार और निपटान हुआ है (संग्रह नहीं)	1 अंक प्रदान करें
यदि कुल उत्पन्न कचरे के प्रतिशत के रूप में 40 प्रतिशत से कम ''अनुकूल'' उपचार और निपटान हुआ है (संग्रह नहीं)	0 अंक प्रदान करें
शहरी विकास मंत्रालय का मानक यूएलबी या इसके प्राधिकृत सेवा प्रदायकों द्वारा एकत्र किए गए 100 प्रतिशत कचरे को, भारत सरकार की एजेंसियों (घुलकर बाहर बहने के उपचार सहित) द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार डिजाइन किए गए निर्मित प्रचालित और देखरेख वाले भूमि-भराव में डाला जाता है।	

झ. शहर की सीमा के आसपास के क्षेत्रों पर शहर के कचरे का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता - शहर के बाहर की भूमि और जलाशयों में अपशिष्ट डालने से पहले सभी प्रकार के कचरे के 100 प्रतिशत निपटान हेतु 5 अंक।

1. शहर के निकटवर्ती क्षेत्रों पर इसके प्रभाव की रिपोर्ट के लिए वर्षा के मौसम के समाचार पत्र को देखें।

2. अनुपचारित सीवेज, ठोस कचरे और ड्रेनेज निकास से प्रभावित भूमि-भराव, नदी/नालों के बहने वाले क्षेत्रों या खुली भूमि का निरीक्षण।

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
5 अंक प्रदान करें हर बार दो अंक घटाएं जब भी शहर से बाहर किसी भूमि या जलाशय में अनुपचारित मानव मल या अनुपचारित ठोस कचरा (लिचेट सहित) डाला जाता है, अनुपचारित गंदले पानी के मामले में (नालियों में बहने वाला जल) एक अंक घटाएं।	
कुल मिलाकर कोई नकारात्मक अंक नहीं है और न्यूनतम अंक शून्य है।	

2 प्रक्रिया संबंधित सूचक - कुल 30 अंक

क. खुले में शौच (ओडी) के मामलों का ट्रैक रखने के लिए निगरानी और मूल्यांकन (एम एंड ई) प्रणाली स्थापित करना - 4 अंक

1. यूएलबी के साथ प्रणालियों पर विचार-विमर्श और वर्तमान स्थिति पर सहमति

अंक प्रदान करने की स्कीम	**अंक**
ओडी का ट्रैक रखने के लिए यूएलबी में निगरानी तंत्र (कर्मचारियों सहित प्रक्रिया या प्रणाली)	1 अंक प्रदान करें
प्रत्येक वार्ड से ओडी की प्रथा पर आंकड़ों का माहवार संग्रह	1 अंक प्रदान करें
सार्वजनिक मंच पर मासिक रूप से आंकड़े बताना	1 अंक प्रदान करें
ओडी को रोकने के लिए प्रोत्साहन और पुरस्कार प्रदान करना	1 अंक प्रदान करें
अंकों को जोड़ें और कुल अंक प्रदान करें।	

ख. सभी सीवरेज प्रणालियां ठीक प्रकार से कार्य करें और कोई एक्स-फिल्टरेशन न हो - 5 अंक

(ऐसे शहर जहां सीवरेज नेटवर्क नहीं है, इस बिन्दु को हटा दें और नीचे मद ग में 5 अंक जोड़ें)

